# <u>उत्तराखण्ड बी0एस–सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 से सम्बन्धित विशेष तिथियाँ</u>

<table>
<tr><td>1</td><td>ऑनलाईन आवेदन पत्र जारी करने की तिथि</td><td colspan="3" rowspan="2">13.10.2021 (अपरान्हं 02:00 बजे)<br>से<br>11.11.2021 (साय 05:00 बजे तक)</td></tr>
<tr><td>2</td><td>अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र/ ऑनलाईन शुल्क</td></tr>
<tr><td>3</td><td>प्रवेश पत्र वेबसाईट से डाउनलोड करने की तिथि</td><td colspan="3">14.11.2021 को<br>अपरान्ह 01:00 बजे से</td></tr>
<tr><td>(पअ)</td><td>परीक्षा की तिथि</td><td>21.11.2021 (रविवार)</td><td>10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक</td><td>बी0एस–सी0 नर्सिंग</td></tr>
</table>

**2.26** उत्तराखण्ड बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 प्रवेश परीक्षा की सूचना विवरणिका में टंकित किसी भी सूचना/नियम/ अर्हता/कार्यवाही में किसी भी अस्पस्षटता की स्थिति में विश्वविद्यालय/कांउन्सिलिंग बोर्ड द्वारा की गयी व्याख्या ही अन्तिम एवं सर्वमान्य होगी।

**2.27** उत्तराखण्ड बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 प्रवेश परीक्षा एवं कांउन्सिलिंग सम्बन्धी अभिलेख परीक्षा की तिथि से केवल एक वर्ष के लिये सुरक्षित रखे जायेगें।

**2.28** नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित अद्यतन अर्हतायें लागू होंगी।

**2.29** उत्तराखण्ड एम0एस0सी0 नर्सिग/बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 का आवेदन उन्हीं अभ्यर्थियों द्वारा ही भरा जाए जिनको सूचना विवरणिका (Brochure 2021) की समस्त शर्तें व नियम स्वीकार्य हो।

**2.30** उत्तराखण्ड प्री0 ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 के सम्बन्ध में अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थी बैवसाईट पर दिये गये हैल्पलाईन नम्बर 8006516772/06396666140 से किसी भी कार्यदिवस में पूर्वान्ह् 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## 3. <u>उत्तराखण्ड बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 में सम्मिलित होने हेतु अर्हताएं</u>

उत्तराखण्ड एम0एस0सी0 नर्सिग/बी0एस0सी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 में सम्मिलित होने हेतु निम्न अर्हताएं होगीं–

**3.1** अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।

### 3.2 आयु सीमा

केवल बी0एस0सी0 नर्सिंग परीक्षा के अभ्यर्थी की आयु न्यूनतम 17 वर्ष दिनांक 31.12.2021 को पूर्ण होनी आवश्यक है, एवं अधिकतम आयु सीमा 35 होनी चाहिए।

### 3.3 शैक्षणिक अर्हताएं :–

**विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय नर्सिंग संस्थानों की 100 प्रतिशत एवं निजी नर्सिंग संस्थानों की 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश लिये जाने के लिये राज्य कोटे की सीटो हेतु अर्हता:–**

1. उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे स्थाई/मूल निवासी अभ्यर्थी जिनके द्वारा हाईस्कूल तथा 10+2 अथवा समकक्ष दोनों परीक्षायें उत्तराखण्ड राज्य में स्थित ISSCE/CBSE/ICSE/SSCE/HSCE बोर्ड अथवा अन्य किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उर्त्तीण की हो, जिसमें 10+2 परीक्षा विज्ञान वर्ग (फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी) एवं अंग्रेजी मुख्य/वैकल्पिक विषय के रूप में प्रत्येक विषय मे पृथक–पृथक उत्तीर्ण की हो तथा 10+2 परीक्षा विज्ञान वर्ग (फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी) मे औसत 45 प्रतिशत अंकों (न्यूनतम) से उर्त्तीण की हो,

अथवा

2. ऐसे अभ्यर्थी, जो उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थाई निवासी नहीं हैं तथा जिनके द्वारा हाईस्कूल तथा 10+2 अथवा समकक्ष दोनों परीक्षाऐं उत्तराखण्ड राज्य में स्थित ISSCE/CBSE/ICSE/SSCE/HSCE बोर्ड अथवा अन्य किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उर्त्तीण की हो, जिसमें 10+2 परीक्षा विज्ञान वर्ग (फिजिक्स,कैमिस्ट्री, बायोलॉजी) एवं अंग्रेजी मुख्य/वैकल्पिक विषय के रूप में प्रत्येक विषय मे पृथक–पृथक उत्तीर्ण की हो तथा 10+2 परीक्षा विज्ञान वर्ग (फिजिक्स, कैमिस्ट्री, बायोलॉजी) मे औसत 45 प्रतिशत अंकों (न्यूनतम) से उर्त्तीण की हो, परीक्षा में बैठने हेतु अर्ह होगें, परन्तु वे किसी आरक्षित सीट का दावा नही करेगें,

उत्तराखण्ड सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्र 2020–21 के लिये मान्य/निर्गत प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

**4.10** प्रत्येक संस्थान में राज्य कोटे की उपलब्ध सीटों की चार प्रतिशत सीटें विकलांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित होगीं। यह आरक्षण क्षैतिज प्रकृति का होगा। उत्तराखण्ड प्री0 ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 में विकलांग अभ्यर्थियों की अर्हता निर्धारित किये जाने के निम्नानुसार मानक होगें।

4% Disability reservation to be considered with a disability of locomotor to the tune of 40% to 50% of the lower extremity and other eligibility criteria with regard to age and qualification will be same as prescribed for each nursing programme.

- उक्त श्रेणी हेतु आरक्षित सीटों के विरूद्व प्रवेश लेने हेतु अभ्यर्थी को महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड द्वारा इस हेतु गठित विशेष मेडिकल बोर्ड के सम्मुख स्वयं उपस्थित होकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। यह प्रमाण पत्र उन्हें काउॅन्सिलिंग के दौरान ऑनलाईन आवेदन करते समय यथा स्थान अपलोड करना अनिवार्य होगा। तभी उन्हें विकलांग अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित सीटों के विरूद्व सीट आवटंन की कार्यवाही हेतु अर्ह माना जाएगा।
- अभ्यर्थी की विकलांगता का प्रतिशत उसी सीमा तक मान्य होगा, जो इस हेतु समय–समय पर जारी शासनादेशों एवं भारतीय नर्सिंग परिषद, नई दिल्ली के अनुसार अनुमन्य है। इस संबंध में बोर्ड द्वारा लिया गया निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।
- उक्त विशेष मेडिकल बोर्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून के चन्दर नगर, देहरादून स्थित कार्यालय में बैठेगा। उक्त मेडिकल बोर्ड के गठन संबधी तिथि एवं समय की सूचना पृथक से कॉउन्सिलिगं हेतु जारी महत्वपूर्ण निर्देशो के माध्यम से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर कॉउन्सिलिगं के समय जारी की जाएगी।
- उक्त विशेष मेडिकल बोर्ड के अतिरिक्त अन्य किसी भी मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

अतः इच्छुक विकलांग अभ्थर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे उक्त श्रेणी हेतु आरक्षित सीटों के विरूद्व प्रवेश लेने हेतु महानिदेशक,चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्यााण,उत्तराखण्ड द्वारा गठित उक्त विशेष मेडिकल बोर्ड के सम्मुख कॉउन्सिलिगं के समय निर्धारित तिथि/समय मे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर उक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करें एवं इस प्रमाण पत्र को काउॅन्सिलिंग के दौरान ऑनलाईन आवेदन करते समय यथा स्थान अनिवार्य रूप से अपलोड भी करें।

## 5. उत्तराखण्ड बेसिक बी0एस0सी0 नर्सिंग प्रवेश परीक्षा–2021 का कार्यक्रमः–

**बी0एस0सी0 नर्सिंग पाठ्यक्रम।**

| दिनांक एवं दिन | समय | प्रश्न–पत्र | प्रश्नो की संख्या |
|---|---|---|---|
| **21.11.2021 रविवार** | पूर्वाहन् 10:00 बजे से मध्याहन्12:00 बजे तक | *इण्टरमीडिएट* (10+2 )<br>*1.* रसायन विज्ञान<br>2. भौतिक विज्ञान<br>3. जीव विज्ञान<br>4.अग्रेजी<br>5.नर्सिंग अभिक्षमता | <br>20<br>20<br>20<br>20<br>20 |

